तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 गंभीर अपराधों की थानेदार स्वयं करें विवेचना



## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज का विप्र सम्मलेन कल

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय सिंदूर नदी मार्ग में स्थित ऑफिसर्स क्लब में कल सर्व ब्राह्मण समाज का विप्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के पत्रिका का विमोचन किया जाएगा साथ में ब्राह्मण समाज के उत्थान संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष ने जिले के समस्त विप्र बंधुओं को उक्त ब्राह्मण समाज सम्मेलन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर कार्यशाला 15 को

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सर्व संबंधितों को निर्धारित समय में कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### दो दुकानों से 1010 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** अधिकारियों ने सूरजपुर जिला में दो व्यवसाइयों द्वारा दुकान एवं गोदाम में संग्रहित 1010 बोरी अवैध धान को जब्त कर सुपुर्दगी में सौपा है। सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से कोचियों द्वारा भारी मात्रा में अवैध धान का संग्रहण किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी कोचियों द्वारा संग्रहित धान को जब्त कर रहे हैं। शनिवार को अधिकारियों ने ग्राम डबरी निवासी अजय कुमार साहू की दुकान से 270 बोरी धान जब्त किया। इसी तरह अधिकारियों ने ग्राम गंगोरी निवासी शिवबरन की दुकान व गोदाम से 740 बोरी अवैध धान जब्त किया। जब्त धान को व्यवसाइयों को सुपुर्द किया गया है।

### कलेक्टर कार्यालय के समीप निकला अजगर, मचा हड़कंप



**बलरामपुर।** शनिवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय से आगे और शासकीय महाविद्यालय के समीप सड़क किनारे अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर के सड़क पर नजर आने से सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। अजगर को देखकर के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन वन विभाग मौके पर घर तो नहीं पहुंचा। सूचना के बाद भी वनकर्मियों के नहीं आने से लोगों में नाराजगी भी थी। स्थानीय सांप पकड़ने वाले युवाओं ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से सांप को पकड़ा और बोरी में भरकर जंगल में छोड़ा जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## मानकों के साथ हो रहा खिलवाड़

# कोल्ड स्टोरेज व राइस मिलों में नहीं रखा जाता मजदूरों की सुरक्षा का ख्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कोल्ड स्टोरेज राइस मिल में हुए हादसे ने एक बार फिर से मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत के मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने भी संचालक पर सुरक्षा मानकों का ख्याल नहीं रखने व गुणवत्ताहीन निर्माण कराने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने मृतकों को मुआवजा राशि देने की मांग की है। इधर इस मामले में कलेक्टर ने भी जांच के निर्देश दिए दिए है जबकि पुलिस द्वारा भी मामले में मर्ग कायम किया गया है।

**खास बात**
- लापरवाही बनी हादसे की वजह, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

बता दें कि शनिवार को जिस कोल्ड स्टोरेज में दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत हुई वे घटना के समय बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे थे। मित्तल कोल्ड स्टोरेज में एक तरह कोल्ड स्टोरेज है जबकि दूसरी ओर राइस मिल। परिसर में जगह जगह दीवार खड़ी की गई है और पार्टीशन बनाए गए है। ये पार्टीशन काफी कमजोर है जबकि इन दीवारों पर पर चावल की बोरियों का भार होता है। संभावना जताई जा रही है कि भार के कारण ही दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में डेडरी निवासी 40 वर्षीय भोल साय आ. स्व. हरिलाल, भटगांव चुनगड़ी निवासी 27 वर्षीय माने राजवाड़े आ. मुन्ना राजवाड़े, बेलटिकरी निवासी 35 वर्षीय वेद सिंह आ. शिव बालक सिंह की मौत हो गई जबकि विश्रामपुर रामनगर निवासी 27 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह आ. बाल गोविन्द सिंह घायल हुए है। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण कोल्ड स्टोरेज के बाहर पहुंच गए और मृतक मजदूरों को मुआवजा देने तथा संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद हंगामा शांत हुआ। ग्रामीणों ने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



मलबा हटाते मजदूर।

### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिलने के बाद मै और कलेक्टर मौके पर पहुंचे थे। आस पास के थानों से पुलिस बल तैनात कर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। मृतकों के शव परिजन के सुपुर्द कर दिए गए है और घटना की जांच चल रही है। कलेक्टर ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए है।

-**प्रशांत ठाकुर**, एसएसपी सूरजपुर

### नहीं है सुरक्षा मानकों का ख्याल

बता दें कि जिलेभर में अनेकों राइस मिल और कोल्ड स्टोरेज है। इन सभी में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरों का न ही पंजीयन किया गया है और ना ही बीमा। वे सिर्फ दैनिक वेतन पर काम करने वाले मजदूर है। ग्रामीणों ने मजदूरों का बीमा कराने के साथ ही ईपीएफ खाता खुलवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि संचालक द्वारा सुरक्षित व मजबूत दीवार नहीं बनवाई गई जिससे यह हादसा हुआ।

#### घटना स्थल पर पहुंचे कलेक्टर, एसपी

कोल्ड स्टोरेज में दीवार गिरने और ग्रामीणों की मौत की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में जाकर घायल ग्रामीण से भी बात की और उसके बेहतर उपचार के निर्देश दिए। इधर कलेक्टर ने मामले में जांच करने का निर्देश दिया है।

#### संचालक ने लापरवाही से किया इनकार

दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत और एक मजदूर के घायल होने को लेकर संचालक संदीप मित्तल ने लापरवाही से सीधे तौर पर इनकार कर दिया है। संचालक का कहना है कि उसके पास सभी मजदूरों का बीमा है इसके साथ ही उसके राइस मिल व कोल्ड स्टोरेज के सभी दस्तावेज मौजूद है। यह सिर्फ एक छोटी दीवार गिरने का हादसा है। दीवार गिरने की घटना कहीं भी हो सकती है। संचालक ने बताया कि उनके द्वारा मजदूरों की आर्थिक मदद की गई है और एक-एक लाख रुपए की तात्कालिक सहायता राशि व घायल को 50 हजार रुपए की राशि दी गई है।

# कलेक्टर ने 3 किमी पीछा कर पकड़ा 2 पिकअप समेत अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच कलेक्टर ने स्वयं तीन किमी तक वाहन का पीछा कर अवैध धान पकड़ा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी चेकपोस्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने और वाहनों को जांच के बाद ही प्रवेश देने के निर्देश दिए है।

- तालकेश्वरपुर में की गई कार्रवाई,

बता दें कि जिले में धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही तस्कर और कोचिए सक्रिय हो गए थे। तस्करों द्वारा दीगर राज्यों से धान लाकर उसे समितियों में खपाने के उद्देश्य से भंडारण किया जा रहा था। अवैध धान को समितियों में खपाने से रोकने के लिए कलेक्टर बलरामपुर द्वारा टीम का गठन किया गया है जो लगातार जिलेभर में कार्रवाई कर रही है। बलरामपुर जिले में अब तक 11 हजार 298 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है जबकि 42 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को जब्त किया गया है। शुक्रवार को भी कलेक्टर राजेन्द्र कटारा रामचंद्रपुर विकासखंड में धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने रामचंद्रपुर के अंतर्गत अंतरराज्यीय सीमा तालकेश्वरपुर के घने जंगल में तीन किमी तक पीछा कर दो वाहनों को पकड़ा। वाहनों से कुल 140 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर धान व वाहनों को थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अवैध परिवहन, भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाए और 24 घंटे सक्रिय निगरानी रखते हुए अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे।ताकि धान खरीदी व्यवस्था सुचारू, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनी रहे।



## गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़े, एक का फूटा सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बतौली क्षेत्र के बेलकोटा की दो निजी गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़ गए। गन्ना खरीदी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिससे एक संचालक के सिर में गंभीर चोट आया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीराम फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कट्टा लहराने का मामला दर्ज हुआ था, जिस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। इसी पुराने विवाद को आधार बनाकर दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हो गया। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों फैक्ट्रियों के संचालक और समर्थक आमने-सामने भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि श्रीराम फैक्ट्री संचालक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में बतौली थाना पहुंच गया। वहीं महामाया फैक्ट्री संचालक को भी अंदरूनी चोटें आने से घायल हो गया। इस संबंध में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर ली है। मारपीट, धमकी, पुरानी रंजिश और अवैध संचालन से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को छोड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता। फिलहाल महामाया गुड़ फैक्ट्री के संचालक अंकुर हाडा एवं हर्ष हाडा सहित अन्य 7 लोग के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) तथा राम गुड़ फैक्ट्री के संचालक पवन तोमर एवं उनके पुत्र रोहन तोमर, जबरुदीन,जावेद के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



## डीजल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार, रतनपुर तक पीछाकर पकड़ा गया

**अंबिकापुर।** डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से चालक सीमेंट लोड़कर अंबिकापुर आया था और ट्रक खाली नहीं हो पाने के कारण रिंग रोड किनारे पार्क कर सो गे था। देर रात 3 बजे डीजल टंकी की तरफ से आवाज आई तो चालक नीचे उतकर देखा जहां तीन से चार नकाबपोश डीजल चोरी कर रहे थे। जब चालक ने मना किया तो चाकू, गुप्ती से मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी, बसंत लोनी की पहचान की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनायी गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद गाड़ी अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही है। ऐसे में पुलिस ने वाहन का पीछाकर रतनपुर के पास उन्हें पकड़ा। इस दौरान कार सवार रितेश तिवारी ही पुलिस ने हाथ लगा जबकि अन्य भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने एमपी शहडोल के ग्राम रस्मोहनी निवासी 28 वर्षीय रितेश तिवारी आ. बद्रीनाथ तिवारी को गिरफ्तार करने के साथ ही बलेनो कार क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3139 व 200 लीटर डीजल, पाइप जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एएसआई अदीप सिंह, नितिन सिन्हा, अमित विश्वकर्मा, साइबर सेल अंबिकापुर से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, जीतेश साहू, रमन मण्डल, बृजेश राय सक्रिय रहे।




## प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से गई प्रसूता की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से गंभीर हुई प्रसूता की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लापरवाही बरते का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसागुडी निवासी सोनी खलखो पति अजय लकड़ा (34 वर्ष) गर्भवती होने पर डेढ़ माह पूर्व ही मायके ग्राम लोधिमा माझापारा आई थी। 11 दिसंबर को प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन प्रसूता को रामपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। रात लगभग 9 बजे स्वास्थ्य कर्मियों ने नार्मल डिलीवरी कराया। प्रसव के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा जिसे देख प्रसूता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन प्रसूता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन ने बताया कि गांव में मितानिन की देखरेख में उपचार व जांच कराई जा रही थी। बावजूद इसके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के दौरान लापरवाही बरती गई जिससे प्रसूता की मौत हो गई।

### दो दिन के शिशु की उपचार के दौरान मौत, नाबालिग किशोरी ने दी थी जन्म

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती दो दिन के शिशु की उपचार के दौरान मौत हो गई। शिशु को एक नाबालिग किशोरी ने जन्म दी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मैनपाट कमलेश्वरपुर क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर परिजन उसे 10 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मातृ-शिशु अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने नार्मल प्रसव कराया और किशोरी ने शिशु को जन्म दी। शिशु के कमजोर होने पर उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया जहां दो दिन बाद शिशु की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक किशोरी के पिता अपने होटल में काम करने के लिए बगीचा निवासी युवक को रखा था। इस बीच किशोरी और युवक के बीच प्रेम प्रसंग हो गया जिसके बाद किशोरी गर्भवती हो गई थी। इधर परिजन द्वारा किसी प्रकार की रिपोर्ट थाने में नहीं दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शिशु का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पति ने पत्नी की मौजूदगी में किया नाबालिग से दुष्कर्म, दोनों ने मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग से दुष्कर्म करने और पत्नी के साथ मिलकर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। तीन वर्ष पूर्व हुई इस घटना के मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट ने आरोपी दम्पति को शेष प्राकृतिक काल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

- अब कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई 2022 को शहर के बिलासपुर रोड लक्ष्मी गैरेज के पास खेत में एक किशोरी की नग्न अवस्था में लाश मिली थी। मृतिका के शरीर चोट के गहरे निशान थे और रक्तस्त्राव हुआ था। इसके साथ ही उसके गले को दुपट्टे से घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान की गई थी। 16 वर्षीया मृतिका घटना से 15 दिन पहले ही मजदूरी करने के नाम पर अंबिकापुर आई थी और रेशम लाल राठिया और उसकी पत्नी सीमा राठिया के साथ उन्हें अंतिम बार देखा गया था। ऐसे में पुलिस ने रायगढ़ धर्मजयगढ़ के बरपाली धौराभाठा निवासी 22 वर्षीय रेशम लाल राठिया उर्फ सोनू आ. आनंद राम राठिया और उसकी पत्नी 20 वर्षीया सीमा राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। घटना दिवस को रात में आरोपियों ने मिलकर नाबालिग को शराब पिलाई जिसके बाद आरोपी रेशम राठिया ने पत्नी की मौजूदगी में नाबालिग से दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों ने मिलकर नाबालिग के साथ मारपीट की और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषन श्रीवास्तव ने पैरवी की। सुनवाई के बाद न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए भादवि की धारा 376 (1), 376(क), 302, पोक्सो एक्ट 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास शेष प्राकृतिक कल तक की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने मृतक के परिजन को क्षतिपूर्ति राशि की अनुशंसा की है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय विश्रामगृह में सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति केन्द्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति का विस्तार कोरिया जिला के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त समिति के कोरिया जिला अध्यक्ष हीरालाल साहू ग्राम ओड़गी बैकुंठपुर को चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देवेन्द्र कुल्हरिया तथा कवि शंकर नाविक को दी गई। सरगुजा कल्याण ट्रस्ट समिति के संस्थापक ट्रस्टी ननकूराम मुंगरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से आदिवासी, हरिजन, पिछड़ा वर्ग के उत्थान एवं विकास में सहयोग की अपेक्षा की, ताकि समाज राष्टीय मुख्यधारा से जुड़कर अपना विकास कर सकें।

### पूर्व नपाध्यक्ष अशोक ने बांटे कंबल



**बैकुण्ठपुर।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा शनिवार को छग के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन के अवसर पर कंबल वितरण कर जरूरतमंद या असहाय व्यक्ति की मदद किए। उन्होंने बाल आश्रम तलवापारा ,रिक्शा स्टैंड बैकुंठपुर, विधवा आश्रम धौराटिकरा एवं पौधरोपण इंदिरा पार्क बैकुंठपुर में किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह, सांसद प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता, सोहन स्वामी, लालदास महंत, दिवाकर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नवोदय में प्रवेश पाने बच्चों ने दी परीक्षा



**बैकुण्ठपुर।** शनिवार को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोरिया जिला मुख्यालय सहित विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। जानकारी के अनुसार शनिवार को नवोदय विद्याल प्रवेश परीक्षा के लिए परिजन के साथ बच्चे शहर के परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे उक्त परीक्षा पूर्वान्ह 11 से 1 बजे तक निर्धारित था ,लेकिन बच्चों को लेकर परिजन सुबह 9 बजे से ही अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचना शुरू कर दिए। निर्धारित केन्द्रों में नवोदय परीक्षा समय पर शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हुआ। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा ब्लाक मुख्यालय सोनहत में भी उक्त परीक्षा का केन्द्र निर्धारित था ,जहां काफी संख्या में छात्र-छात्राएं नवोदय प्रवेश परीक्षा दी। उल्लेखनीय है कि जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत बच्चों को अधिक से अधिक फार्म भरे जाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा दिए गए थे।

### न्यू लाइफ में पोषण आहार पर कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइंफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के समक्ष बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार के बारे में जागरूकता और तैयारी प्रदान करना है। बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करना आवश्यक है, जो कि स्वास्थ, संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर देती है, मौसमी फल व सब्जियां हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। पोषण आहार कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व यूनिसेफ जैसी संस्थाएं शामिल हैं जो कि हमें आहार द्वारा स्वास्थ्य भविष्य प्राप्त करने में मद्द करती है। न्यू लाइफ संस्था परिसर में विद्यार्थियों द्वारा कुपोषण आहार, गर्भावस्था में आहार, रक्ताल्पता उच्चरक्तचाप और मधुमेह के लिए विभिन्न प्रकार के आहार तैयार किए गए। पोषण आहार कार्यमक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोगोपचार आहार पर जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की उत्कृष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। संचालन नर्सिंग ट्यूटर श्रीमती लक्ष्मी साहू के द्वारा किया गया। न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य, स्टॉफ एवं समस्त छात्र-छात्राएं पोषण आहार कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

## आईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण, पुलिस आफिसर्स मेस का उद्घाटन

# गंभीर अपराधों की थानेदार स्वयं करें विवेचना



परेड का निरीक्षण करते आईजी दीपक कुमार झा।



ऑफिसर्स मेस का शुभारंभ करते आईजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- आमजन से सौहद्रपूर्ण व्यवहार करने की दी नसीहत

कोरिया जिले की पुलिसिंग व्यवस्था, कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं शहरी-ग्रामीण थानों की गतिविधियों का समग्र आंकलन करने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा द्वारा 12 एवं 13 दिसंबर को कोरिया में वार्षिक निरीक्षण किया गया। 12 दिसंबर को उन्होंने थाना चरचा का निरीक्षण किया। यहां संधारित पंजियों, शस्त्रागार, मालखाना और सीसीटीएनएस कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया।

पुलिस महानिरीक्षक ने थानेदारों को गंभीर अपराधों की विवेचना स्वयं करने और लंबित समंस-वारंट की तामिली शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गुमशुदा बच्चों और चिटफंड जैसे मामलों में विशेष सक्रियता बरतने पर बल दिया। आईजी ने आमजन से सौहद्रपूर्ण व्यवहार करने की नसीहत दी। काफी अवधि से लंबित साइबर फ्राड से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने सख्त निर्देश दिए। इसके पश्चात आईजी ने रक्षित केन्द्र में नवनिर्मित ऑफिसर मेस का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। ऑफिसर मेस के उद्घाटन के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी गहन निरीक्षण किया गया। कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को रिकॉर्ड दुरुस्त रखने और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को समय पर उनकी पेंशन और अन्य भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मुख्य लिपिक को निर्देशित भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी राजेश साहू, डीएसपी जेपी भारतेन्दु, रक्षित निरीक्षक नितीश नायर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### परेड का किए निरीक्षण

13 दिसंबर के तड़के सुबह आईजी सरगुजा ने रक्षित केन्द्र कोरिया में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। सरगुजा पुलिस की बैंड पार्टी ने परेड में पुलिस बैंड की मधुर धुनों ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। परेड के पश्चात रक्षित केन्द्र स्थित वाहन शाखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय वाहनों की स्थिति, उनके मेंटेनेंस और संचालन की अद्यतन जानकारी ली गई। रेंज आईजी ने वाहन चालकों से विस्तृत चर्चा कर वाहनों के रख-रखाव के लिए आवश्यक सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी वाहन किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के लिए हमेशा तैयार स्थिति में हों। इसके पश्चात आईजी सरगुजा ने शस्त्रगार शाखा का निरीक्षण किया।

### पुलिस दरबार में सुनी समस्याएं

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा द्वारा पुलिस दरबार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गर्इं। पुलिस महानिरीक्षक ने उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पुलिसिंग को और अधिक संवेदनशील और जनसेवा केन्द्रित बनाने पर बल दिया। कोरिया जिले की पुलिस व्यवस्था को सराहते हुए उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के महत्व को रेखांकित किया और कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। दरबार के बाद रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के स्टोर शाखा एवं एवं शस्त्रगार का निरीक्षण किया गया। यहां रखे गए शस्त्र और अन्य सामग्री के रख-रखाव की स्थिति का आंकलन करते हुए उनकी आपूर्ति में सुधार के निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि सामग्री की उपयोगिता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर जांच और अद्यतन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अनुपयोगी सामग्रीयों के नष्टीकरण व मुख्यालय वापसी के लिए निर्देशित किया गया।

### साइबर जागरुकता संवाद कार्यक्रम

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा जिला पंचायत बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित सायबर जागरूकता संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सायबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया दुरूपयोग, डिजिटल लेन-देन में सावधानी, मजबूत पासवर्ड के उपयोग तथा किसी भी संदिग्ध सायबर गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# ब्रेड बेचने निकला बालक जबलपुर से बरामद

## सोनहत थाने में गुमशुदगी की दर्ज थी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र में एक नाबालिग अपने घर से सुबह ब्रेड बेचने जाने के नाम से निकला फिर उस बालक को पता नहीं चला। परिजन ने रिश्तेदार, दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन बालक का कहीं पता नहीं चला, तब दूसरे दिन बालक को किसी अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर कही भगा ले जाने की रिपोर्ट सोनहत पुलिस में दर्ज कराई गइ। शिकायत पर सोनहत पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन ही गुम बालक के बारे में जानकारी प्राप्त हो गई। जब बालक ने अपनी आपबीती बताई तो सभी हतप्रभ रह गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत थानांतर्गत ग्राम मधला निवासी चंदा बाई पति राजेश कुमार प्रजापति ने 11 दिसंबर की रात्रि में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा ऋषि कुमार रोज की भॉति बे्रड बेचने घटना दिवस 10 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे बे्रड बेचने जाने के नाम से घर से निकला, लेकिन इसके बाद वह सुबह 10 बजे तक घर नहीं लौटा, तब परिजन ने बालक की खोजबीन शुरू की और रिश्तेदारों एवं दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन बालक का कोई पता नहीं चला। बालक की मां ने पुलिस रिपोर्ट में अपने बेटो को किसी अज्ञात के द्वारा बहला फुसलाकर कही ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर घटना के दिन से गुम बालक को लेकर परेशान रहे।

### टेंट में रहने वाले लोगों पर आरोप

सूत्रों के अनुसार गुम बालक को बाहर से आए टेंट में अस्थाई रूप से रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा घटना दिवस 10 दिसंबर को बालक को बेहोश कर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने की बात बताई जाती रही। बताया जाता है कि बेहोश बालक को जब होश आया तो वह जबलपुर मप्र के पास किसी स्टेशन पर पाया और किसी तरह एमसीबी जिले के ग्राम बंजी में अपने रिश्तेदार के पास पहुंचा। सूचना पर माता-पिता अपने गुम बालक को सकुशल घर लाए जिसके बाद परिजन ने राहत की सांस ली।

### दो दिन बाद मिली बालक की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम मधला से गुम बालक घर से सुबह 6 बजे ब्रेड बेचने जाने कहकर घर से निकला और वापस नहीं लौटा। सूत्रों के अनुसार गुम बालक को बेहोश कर अगवा कर लिया गया था, बालक को होश आया तो वह मप्र के जबलपुर के करीब अपने आप को पाया और वहां से किसी तरह अपने रिश्तेदार के यहां 12 दिसंबर को एमसीबी जिला अंतर्गत ग्राम बंजी पहुंचा। इसकी जानकारी माता पिता को दी गई और फिर बालक को सकुशल घर लाया गया।

# 80 हजार की संपत्ति नुकसान एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- चरचा ईस्ट खदान में केबल चोरी का खुलासा

जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल की चरचा ईस्ट खदान में हुई केबल तार चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में अभी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रकरण के अनुसार 14 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11 से 12 बजे के बीच चरचा ईस्ट खदान क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा खदान में लगे तांबे के केबल तार को काटकर चोरी कर लिया गया। घटना के समय खदान में कार्यरत कर्मचारियों ने संदिग्ध गतिविधि देखी, इसके बाद इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को दी गई। जांच में सामने आया कि चोरों ने लगभग 400-500 मीटर केबल तार काटकर चोरी की, जिसकी कीमत करीब 70 से 80 हजार रूपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 201/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(2), 305 (ई) एवं 310 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा की गई विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाए गए और संदिग्धों से पूछताछ की गई। जांच के आधार पर सुमन उर्फ सुरेश पिता बृजूलाल पनिका उम्र 30 वर्ष निवासी खैरई थाना चरचा को आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया। पुलिस ने आरोपी को 12 दिसंबर को शाम 4:20 बजे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने करीब 300 मीटर केबल तार बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 45 हजार रूपए बताई जा रही है। आरोपी द्वारा चोरी किए गए कुछ केबल तारों को जलाने एवं कुछ को अलग-अलग स्थानों पर छिपाने की जानकारी भी सामने आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैकुंठपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 23 दिसंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस चोरी में 10-15 लोगों की संलिप्तता की आशंका है, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश, बेटे ने ही रची थी पिता और सौतेली मां के हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



### हत्या की योजना का वीडियो जारी

इस वारदात की गंभीरता को दर्शाते हुए पुलिस ने घटना के पहले का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें सभी आरोपी मिलकर हत्या की पूरी योजना तैयार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो साफ तौर पर दर्शाता है कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। कोतवाली पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई के कारण यह सनसनीखेज मामला सामने आया है और आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता मिली है।

कोतवाली पुलिस ने ग्राम लखनपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का तत्परतापूर्वक खुलासा करते हुए एक सनसनीखेज साजिश का पदार्फाश किया है। संपत्ति विवाद और सौतेली मां के चलते मृतक राजेन्द्र उर्फ बबलू पटेल के सगे पुत्र सहित कुल 5 आरोपियों ने मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने पुत्र सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह हृदय विदारक घटना लखनपुर निवासी राजेन्द्र उर्फ बबलू पटेल और उनके घर पर काम करने वाली कुमारी सीमा बैगानिवासी ग्राम डालाडीह की रात्रि में सोते समय हुई थी। दोनों की जघन्य एवं नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में यह सामने आया कि इस हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार कोई और नहीं, बल्कि मृतक राजेन्द्र पटेल की पहली पत्नी से हुआ पुत्र आलोक उर्फ सूरज पटेल उम्र 18 वर्ष है। पुलिस के अनुसार आलोक उर्फ सूरज पटेल ने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर इस दोहरे हत्याकांड की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। मामले में कुल 5 आरोपी शामिल थे, इनमें से तीन आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं, जबकि आलोक उर्फ सूरज पटेल सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस पूरे विवाद की जड़ संपत्ति में अपना अधिकार और सौतेली मां थी। पुत्र आलोक उर्फ सूरज पटेल अपनी सौतेली मां के चलते पिता और मां को रास्ते से हटाना चाहता था। दुर्भाग्य से इस नृशंस वारदात में घर पर काम करने वाली बाई कुमारी सीमा बैगा की भी हत्या कर दी गई।



# बचपन प्ले स्कूल में कहानी वाचन स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के छात्र-छात्राओं के लिए कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी अ से अरफिया मेमन एवं सिद्धी देवानी प्रथम शिवांश तिवारी द्वितीय तवीशी तिवारी एवं कनिष्क शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एलकेजी ब से रियांश अग्रहरि एवं रूत्वी दगावकर प्रथम जबजोत कौर, काश्वी रजक, रक्षिता यादव एवं सृष्टि तल्लानी द्वितीय आस्वी अग्रवाल एवं अवीश्री मुखर्जी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा एलकेजी स से विहाना फरमानिया एवं आरिका दर्शन प्रथम इशिका पटेल, समायरा सिंह, आस्वी कनौजिया द्वितीय शौविक चंद्र दास एवं सैवी तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह यूकेजी अ से स्पृहा अग्रवाल एवं अद्वैत दास प्रथम लीरिशा जैन, शिवार्थ जायसवाल द्वितीय प्रांसी सिंह, अभिज्ञा सिंह, भूमि सिंह चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा यूकेजी ब से वेदिका अग्रवाल एवं वृंदा पोद्दार प्रथम वैष्णवी यादव एवं अर्पिता अग्रवाल द्वितीय हरषिल छत्तानी तृतीय स्थान पर रहे। तथा यूकेजी स से शाश्वत डे एवं ख्याति दुबे प्रथम वीरजा ताम्रकार, धनिश कोरी द्वितीय ओजस्वी बोथरा, गरिमा सिंह एवं आशवी वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता, आरिका खान, फरहीन बानो, प्रीति मैम तथा रश्मि प्रसाद, प्रियंका सिंह, शिल्पी सिन्हा, रुचि सेन, सबा परवीन ,महक सोनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शीतलहर से बचाव के लिए अलर्ट जारी

**मनेन्द्रगढ़।** छग में ठंड बढ़ने के साथ ही शीतलहर का खतरा बढ़ गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने सभी विभागों को व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने और जनता को जागरूक करने के निर्देश जारी किए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त पत्र के आधार पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य, जिला, तहसील और गांव स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। पंचायत भवनों में शीतलहर से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और प्राथमिक उपचार बॉक्स की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों को आधार बनाकर प्रत्येक जिले में स्थानीय शीतलहर प्रबंधन कार्ययोजना तैयार की जाएगी। राज्य, जिला और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे और शीतलहर से जुड़ी बीमारियों व खतरे से बचाव की जानकारी नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी शीतलहर चेतावनी, न्यूनतम तापमान और मौसम बुलेटिन को सभी विभागों और जिलों तक नियमित रूप से भेजा जाएगा। इसके आधार पर आगे की आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित होगी। आश्रय स्थलों और रैन बसेरों में बिजली, भोजन, पानी और चिकित्सा जैसी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## 11.94 करोड़ से अधिक का सेटलमेंट

# नेशनल लोक अदालत: एक ही दिन में 12,680 प्रकरण निराकृत



आयोजन में उपस्थित न्यायाधीश व अन्य।

**बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन शनिवार को किया गया।

यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत सिविल न्यायालय बैकुंठपुर एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए कुल 15 खंडपीठों का गठन किया गया। इन न्यायालयों में लंबित कुल 3,532 प्रकरणों को राजीनामा के लिए रखा गया। इनमें से 2,833 प्रकरणों का सफल निराकरण किया गया। इसके माध्यम से 9,85,70,053 रूपए की राशि का सेटलमेंट किया गया। राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राजस्व न्यायालयों में कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार स्तर की खंडपीठों का गठन किया गया। राजस्व न्यायालय बैकुंठपुर में 9 खंडपीठें तथा एमसीबी जिले में 20 खंडपीठें गठित की गईं। इन खंडपीठों द्वारा राजस्व जिला कोरिया एवं जिला एमसीबी से कुल 9,768 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त नेशनल लोक अदालत में बैंक/नगरपालिका, टेलीफोन एवं राजस्व विभाग से संबंधित कुल 14,957 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गए। इनमें से 9,847 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इस प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 12,680 प्रकरणों का निपटारा किया गया तथा 11,94,08,881 रूपए की राशि का सेटलमेंट राजीनामा के जरिए संपन्न हुआ। लोक अदालत ने एक बार फिर त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाई।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उप जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



निरीक्षण करते न्यायाधीश व अन्य।

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सी) क्रमांक 1404/2023 सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित निर्णय के अनुपालन में शनिवार को उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार बंजारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा तथा जिला विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निरूद्ध अवधि में प्राप्त होने वाले अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण बोर्ड ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। दल द्वारा उप जेल के अधोसंरचना, बैरकों की स्थिति, बंदियों के उपयोग के लिए उपलब्ध शौचालयों की स्वच्छता एवं रख-रखाव की समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### विधायक के प्रयासों से 42 किमी सड़क व 23 ग्रामीण मार्गों की मिली स्वीकृति



**प्रतापपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क विकास कार्यों को बल मिला है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से प्रतापपुर चौक से लगभग 42 किमी लम्बी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 24.58 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा प्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली 23 ग्रामीण सड़कों की भी मंजूरी मिली है। नगर की 42 किमी लम्बी सड़क भारी वाहनों, आवागमन का मुख्य मार्ग है। अत्यधिक दबाव के कारण कई हिस्सों में सड़क टूट गई है। नए प्रस्ताव के अनुसार पम्पापुर-केरता चौक तक 1600 मीटर सीसी रोड बनाया जाएगा, जबकि शेष मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा। निर्माण में जल निकासी और चौड़ीकरण कार्य भी शामिल है। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही क्षेत्र की कुल 23 नई ग्रामीण सड़को की स्वीकृति मिली है।

### एमएलए कोचिंग सेंटर में किया गया युवा सम्मेलन



**सीतापुर।** नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने भाजयुमो द्वारा एमएलए कोचिंग सेंटर में विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारा देश आत्मनिर्भर बने। प्रधानमंत्री का यह सपना तभी पूरा होगा जब देश का प्रतिभाशाली युवा पूरे सामर्थ्य के साथ कौशल विकास में अपना सहयोग देगा। हमारा देश युवाओं का देश है और हमारे देश मे युवाओं की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है।उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इससे देश मे रोजगार सृजन कौशल विकास को प्रोत्साहित करने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इस सम्मेलन को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत पर अपना पक्ष रखा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, कोषाध्यक्ष निश्चल प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री भाजयुमो अंकित जायसवाल, जिला मंत्री भाजपा नीरू मिस्त्री, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, मंडल अध्यक्ष बतौली आशीष गुप्ता, सुनील गुप्ता, भगत सिंह पैंकरा, इलु गुप्ता, भवानी सिंह, विकास एक्का, सूर्या पैंकरा, रवि भोय, रूपेश आर्य गुप्ता, किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता, शुभम गुप्ता, संध्या जायसवाल, संजय बेहरा, विकास गुप्ता, आदित्य अग्रवाल, सुदर्शन सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली से किसान परेशान

# जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था



सूरजपुर धान खरीदी केन्द्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था से किसान काफी परेशान है। धान उपार्जन केन्द्र में किसान अपनी उपज बेचने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है लेकिन किसान अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली से परेशान है। सूरजपुर के अलावा जिले के रामानुजनगर, प्रतापपुर धान खरीदी केन्द्र में एक जैसी स्थिति निर्मित है।

**खास बात**
- प्रति बोरी वसूल से रहे 10 से 15 रूपए

धान खरीदी केंद्र सूरजपुर में किसानों से अवैध उगाही की जा रही है। इधर किसान मजबूरी में राशि देने को मजबूर है। धान खरीदी केंद्र में प्रभारी मोहन राजवाड़े नदारद रहते है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में किसानों से प्रति बोरा दस रुपए लिया जा रहा है जबकि यह पैसा समिति के खाते में हमाली के नाम से 34.77 पैसा शासन द्वारा जा रहा है बावजूद इसके धान खरीदी प्रभारी द्वारा जबरन किसानों से वसूली किया जा रहा है। साथ ही धान में नमी के नाम पर 41 किलो 300 ग्राम धान लिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र में असामाजिक तत्वों का डेरा बन गया है। धान खरीदी केंद्र में असामाजिक तत्वों ने अपना डेरा बना लिया है और आए दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती है।

#### निर्देश के बावजूद नहीं हुआ सुधार

धान खरीदी केंद्र में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर अधिकारियों ने बैठक में कड़े निर्देश दिए है। हैरानी की बात तो यह है कि धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होती रहती है लेकिन बैठक का असर खरीदी केन्द्रों में देखने को नहीं मिलता और किसान भारी अव्यवस्था के बीच अपनी उपज बेचने को मजबूर है।

#### जांच करवाती हूं

किसानों से अवैध वसूली की जा रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जांच करवाती हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-शिवानी जायसवाल
एसडीएम सूरजपुर

### समिति प्रबंधकों और धान खरीदी प्रभारियों की मनमानी चरम पर

**प्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्रों में किसानों से खुलेआम अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ चुका है। प्रतापपुर, दवनकरा, जगरनाथपुर, चंदौरा, रेवटी, टुकूडांड़, कोटेया व गोविंदपुर सहित कई केंद्रों में समिति प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी हमाली, तौलाई एवं छल्ली के नाम पर प्रति बोरा 15 से 20 तक वसूली रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उनसे 500 ग्राम से 1 किलो तक अतिरिक्त धान भी जबरन लिया जा रहा है।

- हमाली–तौलाई–छल्ली के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली

किसानों ने बताया कि पूरा प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद पर्ची काटने के नाम पर 500 से 1000 तक की अवैध वसूली जारी है। किसानों ने बताया कि सुबह से शाम तक खरीदी केंद्रों में घंटों लाइन में लगने के बाद भी उन्हें मनमाने नियम बताकर परेशान किया जाता है। समिति प्रबंधक और प्रभारी की खुली मनमानी के कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है। कई केंद्रों में सैकड़ों किसान प्रतिदिन वसूली के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि इस तरह की अवैध वसूली और धान की बंदरबांट किसानों के हितों पर कुठाराघात है। कई समिति प्रबंधक भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी और लेनदेन के चलते वे फिर से सक्रिय होकर वसूली कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री और कलेक्टर को ज्ञापन देकर उग्र आंदोलन करेंगे।

#### की जाएगी बर्खास्त की कार्रवाई

धान खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली अपराध की श्रेणी में आती है। मामले की तत्काल जांच कर दोषी समिति प्रबंधकों को बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-एस जयवर्धन**, कलेक्टर सूरजपुर





### धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं की किसानों की बढ़ी परेशानी

**रामानुजनगर।** धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है, लेकिन गणेशपुर एवं छिन्दिया के खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। किसानों की भारी भीड़ के बीच सबसे बड़ी समस्या अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली बन बन गया है जिससे किसान बेहद परेशान हैं। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केन्द्र में भारी अव्यवस्था है। परिणामस्वरूप खरीदी की रफ्तार बहुत धीमी हो गई है और यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो आने वाले दिनों में कई समितियों में खरीदी ठप होने की आशंका है। टोकन के अभाव ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। टोकन तू हर ऐप से ऑनलाइन टोकन उपलब्ध नहीं है और ऑफलाइन टोकन भी जारी नहीं किए जा रहे। ऐसे में कई किसान कई दिनों से केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा। किसानों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से लगातार प्रयास के बावजूद उन्हें कोई टोकन नहीं मिला। किसानों का आरोप है कि नियम से अधिक तौल, किसानों से अतिरिक्त धान लिया जा रहा। सरकार के नियम अनुसार प्रति बोरी 40 किलो 700 ग्राम धान लिया जाना चाहिए, लेकिन समितियों में किसानों से 41 किलो 200 ग्राम धान लिया जा रहा है। इससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों का आरोप है कि यह अतिरिक्त धान बिचौलियों की जेब में जा रहा है। इसके अलावा प्रति बोरी 10 रुपए अवैध वसूली का आरोप किसानों ने लगाया है। किसानों का कहना है कि समितियों के कर्मचारी सरकारी गाइडलाइन की जानकारी कभी नहीं देते, जिससे किसान भ्रमित रहते हैं और मनमानी का शिकार बनते हैं।

#### नहीं मिली है शिकायत

रामानुजनगर तहसीलदार मनहरन सिंह राठिया एवं खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नीलम ने बताया कि"हमारे पास अब तक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि किसानों की कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित समिति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने कार्यशाला



**प्रेमनगर।** जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला और जनजातीय गौरव महोत्सव का भव्य आयोजन शासकीय नवीन कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि पूर्णा जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की तथा कार्यक्रम के संयोजक हीरालाल सिंह रहे। मुख्य वक्ता के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संयोजक संत सिंह, जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह ने अपने विचार रखे। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई उत्कृष्ट प्रदर्शनियां थीं जिन्होंने जनजातीय विरासत के विभिन्न पहलुओं को जीवंत किया। जनजातीय जन नायकों की प्रदर्शनी जिसमें भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, और शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महान जनजातीय महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को चित्रों और जानकारी के माध्यम से दर्शाया गया। विभिन्न अतिथियों ने अपने वक्तव्यों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और जनजातीय समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जगमोहन सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जनजातियों का अपना समृद्ध गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसकी जानकारी युवाओं को होना आवश्यक है। महेंद्र कुमार यादव ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में जनजातीय समाज के समृद्धशाली ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक योगदानों को बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद वीरेंद्र जायसवाल, मिथिला बंजारे, रामध्यान सिंह, कंचन श्याम, मिथिला बंजारा, हरिशंकर पैकरा, डॉ. संजय कुमार वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, सोनाली किंडो, अन्नू सिंह राजपूत, मनबोध कुजूर, जयशंकर, शेषनन्दन टेकाम, अमित कुमार, पुनीत राजवाड़े, हीरालाल सिंह, सह संयोजक रविशंकर उर्रे सहित अन्य मौजूद थे।

- जनजातीय गौरव महोत्सव का किया गया आयोजन

### सीएमएचओ ने अजबनगर हेल्थ सेक्टर की समीक्षा बैठक ली

**बिश्रामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजबनगर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिलदेव पैकरा द्वारा सेक्टर समीक्षा की बैठक ली,बैठक के दौरान सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें संस्थागत प्रसव, यूविन पोर्टल एंट्री,आरसीएच,70 प्लस वय वंदन महाअभियान, आधार बेस अटेंडेंस, कुष्ठ सघन जांच, टीबी, शत प्रतिशत टीकाकरण करने, मुख्यालय निवास एवं अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई, बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर सहित सभी एचडब्लूसी अजबनगर, आमगांव, सिलफिली, सोनवाही और पहाड़गांव के आरएचओ एवं सेकंड एएनएम के अलावा सभी कर्मचारी उपस्थित रहे,बैठक पश्चात पण्डोनगर व अजबनगर का भ्रमण कर आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सूरजपुर डीपीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### न्यू लाइफ में पोषण आहार पर कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइंफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के समक्ष बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा पोषण आहार के बारे में जागरूकता और तैयारी प्रदान करना है। बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करना आवश्यक है, जो कि स्वास्थ्य, संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर देती है, मौसमी फल व सब्जियां हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। पोषण आहार कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व यूनिसेफ जैसी संस्थाएं शामिल हैं जो कि हमें आहार द्वारा स्वास्थ्य भविष्य प्राप्त करने में मद्द करती है।

### निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने किया कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने भारतेंदु भवन में डीईओ डॉ.दिनेश झा, डॉ.उमेश पाण्डेय, बीडी लाल और राजभाषा आयोग के समन्वयक राजेश तिवारी के आतिथ्य एवं साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कपि सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन गीतकार पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ।

अतिथियों ने कवि एसपी जायसवाल रचित हिन्दी काव्य-संग्रह काव्यांजलि और श्रीमद्भागवत गीता के सरगुजिहा अनुवाद ग्रंथ का लोकार्पण किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. झा ने कहा कि सरगुजा अंचल में जो पुस्तकें हिन्दी में नहीं मिल पाती है, उनको श्री जायसवाल सरगुजिहा में उपलब्ध करा रहे है। इनके द्वारा सरगुजिहा रामायण, हनुमान चालीसा, सीता दाई महाकाव्य, राधारानी, वाल्मीकि रामायण कथासार तथा हिन्दी और सरगुजिहा में अनेक पुस्तकें लिखी गई है। राजनारायण द्विवेदी ने उनकी रचना की जमकर तारीफ की। कवि सम्मेलन में पं.रामनारायण शर्मा ने 10 दिसंबर का प्रभात था शहीद वीर नारायण को हमने खोया, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जिंदगी है सरल, मत कठिन कीजिए, समिति के सचिव मुकुंदलाल साहू ने मैं सरगुजिहा ठंड की करूं आज क्या बात, माधुरी जायसवाल ने सहमी-सहमी भोर नहीं हूं, कोमल कच्ची डोर नहीं हूं, आशा पाण्डेय ने दबा राज तुमको बताना नहीं है, सहे दर्द कितने ठिकाना नहीं है, लगी बात मुझको बुरी तो बहुत है, मगर ये तुम्हे जताना नहीं है। शायरा शिरीन खान की शायरी में तन्हाई का दर्द छलक पड़ा, एसजी जायसवाल ने दिल के द्वार पर दीप जलाये बैठे है, बीडी लाल ने मेंहर एकर सेती माते कि खांटी सरगुजिहा हंव रचना प्रस्तुत की। सीमा तिवारी ने वतन की आन-बान-शान पे न आंच आने दूंगी, विजय सिंह दमाली ने जल, जंगल अउ जमीन हमर-आन-बान, प्रकाश कश्यप ने धरम-करम कर नाव ले झिन झगरा अब यार, संतोष सरल ने करम कर डार नोनी सरना कर पूजा, नीलिमा जायसवाल ने नफरत की दीवार तोड़ो, सबसे प्रेम करो, और देश को जोड़ो, अंजू पाण्डेय ने बहा दो प्रेम की धार, सुखद परिवेश हो जाए, पूनम दुबे वीणा ने चला संगी रे घूमे जाबो सुध्धर मैनपाट के देखे जाबो ना कविता सुनाई।






































## खबर संक्षेप

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मिनी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता



**अंबिकापुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अंबिकापुर संकुल के तत्वावधान में मिनी स्पोर्ट्स मीट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चली इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुमित कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन से किया। स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता खो-खो, 100 व 200 मीटर दौड़, बॉल थ्रो, लेमन रेस तथा रिले रेस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने मनमोहक ग्रुप डांस एवं ग्रुप सॉन्ग प्रस्तुत किए। जिनका मूल्यांकन निर्णायक मंडल डॉ. मनक टंडन, बुद्धदेव सिंह, श्याम एवं रंजीत सारथी ने किया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गईं। इस अवसर पर अंबिकापुर संकुल के सभी प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### भटगांव में जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की बैठक



**सोनगरा।** नगर पंचायत भटगांव के शांति पारा जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शिव गुरु कार्य को नई गति देना, संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना तथा उन क्षेत्रों में पुनः सक्रियता लाना रहा, जहां किसी कारणवश साप्ताहिक शिव गुरु चर्चा बंद पड़ी हुई है। बैठक में शिव गुरु कार्य की वर्तमान स्थिति पर गहन मंथन किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह जिले के कम से कम तीन ऐसे स्थानों पर नियमित शिव गुरु चर्चा पुनः प्रारंभ की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय केवल कार्यक्रम आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक सोच एवं संगठनात्मक एकता को पुनः सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बैठक में जिला शिव शिष्य समिति के अध्यक्ष चंद्रिका कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामशरण राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जानकी राम राजवाड़े, सचिव अजय कुमार साहू, लखन ठाकुर, वकील प्रसाद चौधरी, अनु सिंह, कलेश्वरी सिंह, सुमित्रा राजवाड़े, गोपाल देवांगन, दीप राजवाड़े, मनीष सिंह, सुनीता प्रजापति, अमृत प्रजापति, मंगल साय प्रजापति, जोखन राम सांडिल, सीता रजक, गोपी, सुरेंद्र सोनी, शाहिद सहित बड़ी संख्या में शिव शिष्य के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिकायतों और समस्याओं के निराकरण हेतु एसएसपी ने गठित किया हेल्प डेस्क समिति

**सूरजपुर।** पुलिस आरक्षक भर्ती वर्ष 2023-24 अन्तर्गत जारी भर्ती परिणामों से संबंधित शिकायतों और समस्याओं के निराकरण हेतु इकाई स्तर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में दर्शित अनुसार हेल्प डेस्क समिति गठित की गई है जिसमें नोडल अधिकारी डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप को बनाया गया साथ ही इनके सहायतार्थ उप निरीक्षक महेश पैंकरा, अखिलेश सिंह स्थापना प्रभारी रहेंगे। हेल्प डेस्क का प्रथम शिफ्ट सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक का रहेगा जिसमें प्रधान आरक्षक नृपेन्द्र सिंह व आरक्षक नितिन साहू जिला विशेष शाखा तैनात रहेंगे। वहीं द्वितीय शिफ्ट दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक रहेगा जिसमें प्रधान आरक्षक हरिशंकर यादव व आरक्षक अनीश तिवारी जिला विशेष शाखा तैनात रहेंगे। हेल्प डेस्क जिला पुलिस कार्यालय में दोनों शिफ्टों में तत्संबंधी शिकायतें प्राप्त कर नोडल अधिकारी के माध्यम से भर्ती समिति से जानकारी प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुमोदन उपरान्त आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराएगी।

### सम्बलपुर के हीराडबरी में पशु मेला प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन



बिश्रामपुर। पशुधन विकास विभाग द्वारा बीते गुरुवार को ग्राम संबलपुर के हीराडबरी में पशु मेला,प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,मेले में विभिन्न प्रजाति के पशुओं का प्रदर्शन किया गया, गौवंशीय में हॉलीस्टीयन फ्रीजियन, जर्सी, साहीवाल, गिर, भैंसवंशीय में मुर्रा भैंसा, बकरी में सिरोही, जमुनापारी इत्यादि नस्ल का प्रदर्शन किया गया। पशु प्रतियोगिता में झम्मन सिंह ग्राम हीराडबरी की होलीस्ट्रीयन ब्रीड की गाय प्रतियोगिता में प्रथम रही, हॉलीसट्रियन नस्ल की गाय लोगों के बीच में आकर्षण का केंद्र भी थी, वहीं बकरी-बकरा वर्ग में ग्राम लटोरी से सिरोही नस्ल की बकरी का प्रदर्शन किया गया था, जिसका वजन लगभग 40 से 45 किलोग्राम का रहा, जो अपने वर्ग में प्रथम रहा,साथ ही मेले के माध्यम से पशुपालकों को नस्ल संवर्धन जैसे सेक्स शॉर्टेड सीमेन के बारे में बताया गया,जिसमें 90 प्रतिशत बछिया होने की संभावना होती है,कार्यक्रम में चारा प्रसंस्करण से संबंधित पैरा यूरिया उपचार के बारे में बताया गया, यहां पर यह भी बताया गया कि उपचार करने से पैरे की पौष्टिकता बढ़ती है व पैरा नरम, स्वादिष्ट और प्रोटीन से भरपूर बन जाता है।

## पूरे दिन चली पश्चिमोत्तर की हवाएं

# मैनपाट में तेजी से गिर रहा पारा, इस साल पहली बार पारा पहुंचा 3.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विक्षोभ की सक्रियता से दो दिन मिलेगी राहत

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पारा में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। शनिवार को पहली बार छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सरगुजा में पिछले आठ दिनों से शीतलहर चल रही है संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर का पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस के निकट रह रहा है तथा तापमान लगातार सामान्य से 4.5 डिग्री के नीचे रह रहा है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में पठारी क्षेत्रों में शीतलहर का प्रभाव अधिक पड़ रहा है इन क्षेत्रों में सुबह ओस की बूंदें जमकर बर्फ में बदल जा रही है ठंड के लिहाज से सरगुजा संभाग छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक शुष्क इलाका बना हुआ है। शुष्क हवाओं के प्रभाव से इसके पूर्व मैनपाट का पारा 4 से 5.4 डिग्री सेल्सियस के मध्य रह रहा था लेकिन शुक्रवार को देर शाम तक चली सर्द हवाओं के प्रभाव से शनिवार को पहली बार न्यूनतम पारा 3.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। पारा में तेज गिरावट होने के बावजूद शनिवार को क्षेत्र में पाला का प्रभाव देखने को नहीं मिला। अधिकारियों का कहना है कि देर शाम तक पश्चिमोत्तर की हवाएं चलने के कारण इस तरह का बदलाव देखने को मिला है। मैनपाट में शाम 3 बजते ही खुले में रहना मुश्किल हो जा रहा है तथा दिन में भी ठंड से राहत के लिए लोगों को अलाव जलाना पड़ रहा है। ठंड से बचने लोग धूप निकलने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम तीन बजते ही घर पहुंच जा रहे है। ठंड का यही हाल रहा तो भविष्य में आलू व टाऊ की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।



अलाव तापते लोग।

### सक्रिय हुआ पछुआ विक्षोभ

मौसम अधिकारियों के अनुसार उत्तर भारत में शनिवार को एक कमजोर पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी हिमालय क्षेत्र में बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में बादलों की आवाजाही बढ़ने से सर्द हवाओं के प्रभाव में कमी आने के साथ ही न्यूनतम पारा में एक से दो डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ कमजोर होने के कारण ठंड से अधिक राहत मिलने की संभावना नहीं है। दो दिन बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर फिर से पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह शुरू होते ही फिर पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंच सकता है।

### 2-3 दिन रहेगी राहत

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक ठंड से कुछ राहत मिलने के आसार है। हालांकि विक्षोभ विक्षोभ इतना अधिक ताकतवर नहीं है कि उसका प्रभाव सरगुजा तक पहुंच सके। इस दौरान पारा में अधिकतम 2 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से सर्द हवाओं का प्रवाह शुरू होगा तथा पारा पूर्व की स्थिति में पहुंच जाएगा।

### सक्रिय है विक्षोभ

उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसके प्रभाव से तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी



## बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा से गुंजायमान होगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- श्याम सेवा समिति तैयारियों में जुटी, रंगमंच प्रांगण में होगी भजन संध्या

श्याम सेवा समिति द्वारा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 2 जनवरी को रंगमंच के विशाल डोम में भव्य आयोजन के रूप में किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा भव्य स्वरूप प्रदान करने के साथ श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य आयोजन में श्याम गुणगान में शीतल पाण्डेय दिल्ली, पूजा नथानी कलकत्ता तथा अमोल-शुभम की जोड़ी कलकत्ता विशेष रूप से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। श्याम संकीर्तन महोत्सव के द्वितीय संस्करण में रंगमंच मैदान में नगर पालिका के टेनसाईल डोम के नीचे बाबा के खजाना के रूप में एक ड्रा का आयोजन गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी किया गया है। जिसमें बाबा के खजाने के रूप में 100 से ऊपर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दो कार, 9 मोटरसाइकिल व स्कूटी तथा छह इलेक्ट्रिक स्कूटी व सांत्वना पुरस्कार श्याम प्रेमियों के लिए निकाले जाएंगे। साथ ही बाबा का अलौकिक श्रृगांर, इत्र वर्षा व श्याम रसोई के साथ बाबा के महोत्सव को लेकर अभी से ही वातावरण धार्मिक हो गया है। आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाबा के दरबार को विशेष रूप से फूलों से सजाने के लिए दरबार सेवकों को आमंत्रित किया गया है, जो बाबा का आकर्षक दरबार बनायेंगे। ख्याति प्राप्त भजन गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर पप्पल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश बंसल, मनीष अग्रवाल, अमित रोहिल्ला, पवन अग्रवाल, रोहित गर्ग, रुपेश मित्तल, रवि अग्रवाल, राकेश बंसल, प्रियांशु जैन, सचिन अग्रवाल, राहुल पांडेय, रवि पांडेय, विक्की, सुमित रोहिल्ला, प्रियांश मित्तल, सचिन अग्रवाल, अंश मित्तल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल व श्याम सेवा समिति के सदस्य सहित नगर के श्याम प्रेमी सक्रिय हैं।

## संघ को समर्पित हिन्दू सम्मेलन गोधनपुर में आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आरएसएस के कार्यों को सम्मान देने यह आयोजन



आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज द्वारा संघ के कार्यों को समर्पित करते हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत गोधनपुर वार्ड में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

संघ के कार्यों को समर्पित हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों में गोधनपुर को भगवा झंडे-बैनर से सजाया गया है। लोग इस आयोजन को लेकर बेहद उत्सुक हैं। आज रविवार को ढ़ाई बजे से सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। गोधनपुर बस्ती के शाखा कार्यवाह अजय जायसवाल एवं बस्ती प्रमुख गुरू चरण सिंह ने आयोजन के संबंध में बताया कि आज दोपहर बाद ढाई बजे से इस हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सर्व हिन्दू समाज द्वारा इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। खास बात यह है कि संघ के कार्यों को समर्पित इस सम्मेलन के आयोजन को लेकर वार्डवासी बेहद उत्साहित है और आयोजन की सफलता के लिए बढ़ चढ़कर अपना समय दे रहे है। झंडा, बैनर, होर्डिंग वार्डवासियों द्वारा स्वतः लगाया जा रहा है। यह सम्मेलन गोधनपुर में हमर क्लीनिक के सामने योगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है। सम्मेलन को सफल बनाने पार्षद शिवमंगल सिंह, चांददेव विश्वकर्मा, सुरेश तिवारी, मनोज कुमार, चरण सिंह सैनी, शिव कुमार साहू, राजेन्द्र सिंह, सुरेश शर्मा, रविकांत सिंह, लक्की, शुभम तिवारी, अर्नव सिंह, हैप्पी सिंह सहित अन्य कई लोग अपना पूरा समय दे रहे हैं।

## कृष्ण बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, 58 मतों से जीत दर्ज की

**सीतापुर।** अग्रसेन भवन में हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष के चुनाव में कृष्ण कुमार अग्रवाल ने एकतरफा जीत हासिल की। उन्होंने अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी अजय अग्रवाल को बड़े अंतर से हराते हुए ये जीत दर्ज की।

गौरतलब है कि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल का कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला था। अग्रसेन भवन में आयोजित चुनाव में कुल 141 में से 135 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमे 96 मत कृष्ण कुमार अग्रवाल के पक्ष में पड़े वही 38 मत अजय अग्रवाल को मिला एक मत निरस्त हुआ। सौहार्दपूर्ण माहौल में हुए इस चुनाव में कृष्ण कुमार अग्रवाल ने अजय अग्रवाल को 58 मतों से पराजित करते हुए जीत हासिल की। कृष्ण कुमार अग्रवाल के जीतते ही समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और मुंह मीठा कराते हुए एक दूसरे को जीत की बधाइयां दी। वहीं इस जीत से उत्साहित कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा कि वो अपने समाज के साथ मिलकर पूरे उत्साह के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।



## नेता प्रतिपक्ष दास महंत के जन्मदिन पर मरीजों को किया गया फल वितरण

**सूरजपुर।** ब्लॉक मुख्यालय रामानुजनगर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत का 70वां जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं छात्रावास में बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस्माईल खान, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस महेंद्र साहू, विजय सिंह, संतवत सिंह, अखिलेश ठाकुर, आशिक खान, तुसार कुमार, वगीसा देवांगन, संतोष साहू, अविनाश साहू, इंद्रपाल यादव, फिरोज खान, संतोष देवांगन, दीप कुमार सोनवानी, देव सिंह, गुलाम खान, नारायण सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



# गायत्री खदान से कोयले की दर्जनों बोरियां जब्त

- चोरी की नीयत से घुसे थे बदमाश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में सक्रिय कोयला चोर शनिवार को बड़ी संख्या में खदान के भीतर घुसे,यहाँ पर स्टॉक में रखे कोयला को दर्जनों बोरी में बाँधकर ले जाने की फिराक में थे,लेकिन समय रहते सुरक्षा विभाग की तत्परता व सक्रियता से कोयला चोरी की वारदात होने से पहले ही नाकाम कर दी गई,कोयला चुराकर बाँधने की सूचना मिलने पश्चात क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर सुरक्षा दल को गायत्री खदान स्थित घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया,सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर खदान परिसर में फैले चोरी किए गए कोयले के बोरे को जब्त कर उसे सुरक्षित रूप से स्टॉक यार्ड में जमा करा दिया है,बताया गया कि सुरक्षा टीम के पहुंचने की भनक लगते ही कोयला चोर मौके से फरार हो गए,गौरतलब है कि गायत्री खदान में स्थानीय स्तर पर कोयला चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी हुई है,प्राप्त जानकारी अनुसार खदान के आसपास संगठित कोयला चोर गिरोह सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे के अलावा दिन दहाड़े भी मौके की तलाश में रहते हैं,यह गिरोह न सिर्फ खदान से कोयला चोरी करता है, निरंतर हो रही कोयला चोरी से एसईसीएल को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है,साथ ही अवैध खनन और चोरी से खदान की सुरक्षा,पर्यावरण और श्रमिकों की जान पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है,श्रमिक संगठनों ने मांग की है कि गायत्री खदान और आसपास के क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा चौकियां बनाई जाएं, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए और नियमित पेट्रोलिंग की जाए,साथ ही पुलिस और प्रशासन के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कोयला चोरी में शामिल लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डी ग्रेट शालाओं का किया गया निरीक्षण

**प्रतापपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान डी ग्रेट शालाओं का निरीक्षण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह व निरीक्षक कार्य में समन्वय शिक्षक उज्जैन यादव, मो.नईम अंसारी, शासकीय माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर व शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्कूलो में पानी की उत्तम व्यवस्था शौचालय साफ सुथरा, किचन सेड सही पाया गया। स्कूल में डस्टबिन की व्यवस्था, खेल का मैदान, तंबाकू निषेध बोर्ड लगा हुआ मिला। शालाओ में पुस्तकालय उपलब्ध स्कूल में विधयाजली पोर्टल उपलब्ध, शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में नामांकन, विद्यालय में औषधि वाटिका, हरियाली शाला, मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन कराया जाता है पाया गया। इस दौरान नेवता भोज का आयोजन माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर व शासकीय माध्यमिक शाला गोटगावां में किया गया। साथ ही शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव व शासकीय माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर के छात्र-छात्राओं ने कविता, पहाड़ा, बूझो तो जाने, एकल गीत, समूह गीत सुनाये। इस दौरान माध्यमिक शाला बालक बाबापारा के प्रधान पाठक अंजू त्रिपाठी ,मोहम्मद नईम अंसारी जन शिक्षक, मुक्ता गुप्ता व शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव के प्रधान पाठक सुचिता मेहता, रंभा जायसवाल, संगीता मंडल, निर्मल ज्योति जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, स्कूल की सहायिका, छात्र छात्राएं व पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।



सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे